राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांकः एफ. 7 (02) भर्ती 'क'/A.T.P./2022–23/13 **दिनांक : 18.04.2024**

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

सहायक नगर नियोजक, नगर नियोजन विभाग के पदों हेतु दिनांक 16.04.2024 को जारी अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित 24 अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 24.04.2024 (प्रातः सत्र) को संपादित की जावेगी। सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर, निर्धारित प्रारूप में जारी अनुभव प्रमाण पत्र मय कार्य विवरण/कार्य आदेश, रूपये 50/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर जारी निर्धारित शपथ–पत्र (Affidavit) एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति, मूल–निवास प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित राजस्थान लोक सेवा आयोग, घूघरा घाटी, अजमेर कार्यालय में अनिवार्य रूप से निर्धारित दिनांक एवं समय पर व्यक्तिशः काउंसलिंग हेतु उपस्थित होवें।

काउंसलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव

अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप

(संस्था/फर्म के लैटर हैड पर ही जारी किया जावे)

संस्था/फर्म का नाम एवं पूरा पता मय फोन नम्बर एवं ई–मेल :

संस्था/फर्म के प्रोपराइटर/निदेशक का नाम एवं योग्यता का विवरण :–

संस्था पंजीकरण की संख्या एवं दिनांक :–

पंजीकरण करने वाली संस्था का नाम :–

यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी संस्था/फर्म जिसका कार्यालय .... स्थित है एवं इसके द्वारा नगर नियोजन से संबंधित निम्न कार्य दिनांक ....से .... तक/निरन्तर किया जा रहा है :– (जो लागू न हो उसे काट दें।)

1. रीजनल प्लान/मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान से संबंधित कार्य।
2. टाउन प्लानिंग स्कीम/टाउनशिप स्कीम/लोकल एरिया प्लान।
3. नगर नियोजन से संबंधित नीति/नियमों से संबंधित कार्य।
4. स्पेशल एरिया डवलपमेंट प्लान/सिटी डवलपमेंट प्लान इत्यादि।
5. बिल्डिग प्लान/साइट प्लान/ले–आउट प्लान एवंनगर नियोजन से संबंधित अन्य कार्य ....

हमारी संस्था/फर्म मे श्री/श्रीमती/सुश्री .... पिता/पति का नाम.................................. जन्म दिनांक .... ने दिनांक ....से दिनांक .... तक कुल ....वर्ष ....माह ....दिन, ... पद पर संस्था/फर्म में कार्य किया है/कर रहा/रही है। इनके द्वारा नगर नियोजन से संबंधित निम्न कार्यों में सहयोग प्रदान/सम्पादन किया गया है :

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अवधि	
		से	तक
1.			
2.			
3.			
4.			

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त अवधि में इनका कार्य संतोषजनक रहा है।

संलग्नक :– नगर नियोजन से संबंधित कार्यों के कार्य आदेश की प्रति, मासिक वेतन बिलों की प्रति एवं उपरोक्तानुसार संबंधित दस्तावेज इत्यादि की प्रति।

हस्ताक्षर प्रोपराइटर/निदेशक/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता
(नाम व पद)

RajKaj Ref
5247526

Signature valid
Digitally signed by Jugal Kishor Meena
Designation : Joint Secretary To Government
Date: 2023.12.28 1?:10:41 IST
Reason: Approved

(On Rs. 50 Non Judicial Stamp)

LATEST COLOURED PHOTO WITH SIGNATURE ACROSS IT

शपथ–पत्र
(AFFIDAVIT)

मैं ....पिता/पति श्री ....जन्म दिनांक.................. ....ने आयोग द्वारा आयोजित सहायक नगर नियोजक, नगर नियोजन विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2022 में आयोग द्वारा मांगे गये निर्धारित प्रपत्र में अनुभव प्रमाण पत्र के क्रम में मेरे द्वारा निम्न संस्था/कंपनी में कार्य संबंधी अनुभव, संबंधित कार्यों के कार्य आदेश की प्रति, मासिक वेतन बिलों की प्रति एवं अन्य संलग्न दस्तावेज दिनांक .... को आयोग कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैंः–

	कम्पनी का नाम	अनुभव अवधि
1.	....	दिनांक ....से ....तक
2.	....	दिनांक ....से ....तक
3.	....	दिनांक ....से ....तक

मैं उक्त संबंध में एतद्द्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उक्त संस्था/कंपनी में कार्य संबंधी अनुभव, संबंधित कार्यों के कार्य आदेश की प्रति, मासिक वेतन बिलों की प्रति एवं अन्य संलग्न दस्तावेज मेरी जानकारी में पूर्णतया सत्य हैं। मैं मिथ्या विवरण/तथ्यों को प्रस्तुत करने के परिणामों से भी भलीभांति परिचित हूं। यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र फर्जी/असत्य/कूटरचित पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध प्रभावी विधि के अंतर्गत अभियोजन एवं दण्ड के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी होऊंगा/होऊंगी।

हस्ताक्षर घोषणाकर्ता
नाम–
रोल नम्बर –
मोबाईल नम्बर–
आधार कार्ड के अंतिम चार अंक–
पता–